संक्षिप्त

स्कूलों में स्टेशनरी वितरण किया

अजमेर, (कासं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय आदर्श नगर अजमेर में अध्यनरत अस्सी और कमला नेहरू राजकीय बालिका विद्यालय हटूंडी अजमेर में अध्यनरत 88 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वर्गीय प्रेमलता पत्नी एवं स्वर्गीय उमराव सिंह मुणोत की स्मृति में स्टेशनरी कॉपी, पेंसिल, रबर, शॉर्पनर एवं स्केल का वितरण किया। ललित जैन और प्रकाश रांका ने स्टेशनरी वितरण एवं महावीर इंटरनेशनल की गतिविधियों से अवगत कराया। आदर्श नगर स्कूल की प्रधानाचार्य किरण खंडेलवाल व हटूण्डी स्कूल के प्रधानाचार्य राम प्रकाश चौहान ने महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र के सदस्यों एवं दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। कइस अवसर पर प्रभात सेठी, ट्रस्टी पदमचंद जैन, प्रकाश रांका, अशोक कुमार डावरिया, मनोहर गोपाल ईनाणी, बाबूलाल जैन एवं पुखराज जैन, भंवर लाल गुर्जर के साथ दोनों स्कूलों के स्टाफ की उपस्थित रही।

डॉक्टरों ने बचाई जान

अजमेर, (कासं)। बुधवार को अजमेर के जेएलएन अस्पताल के श्वसन रोग विभाग में नावां (नागौर) निवासी 31 वर्षीय मरीज रामनारायण के सांस की नली से दो सेंटीमीटर की सुपारी दूरबीन जांच द्वारा निकाली गई। विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज गुप्ता ने ताया कि मरीज पिछले एक साल से लगातार खांसी, सीने में दर्द और सांस की परेशानी से जूझ रहा था। मरीज ने पिछले एक साल में कई जगह डॉक्टरों दिखाया लेकिन आराम नहीं आया और परेशानी बढ़ती गई। अंततः मरीज जेएलएन अस्पताल के श्वास रोग विभाग में पहुंचा, जहां चिकित्सकों को छाती के एक्स-रे में सांस की नली में कुछ फंसा होने का संदेह होने पर यूनिट हैड डॉ. रमाकांत दीक्षित एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पीयूष अरोड़ा के निर्देशन में ब्रोंकोस्कोपी की जांच की। इससे पता चला कि मरीज के सांस की नली में सुपारी फंसी हुई है। डॉक्टरों की टीम ने ब्रोंकोस्कोप की मदद से फंसी हुई सुपारी को बाहर निकाला। इससे मरीज को राहत मिली। डॉक्टरों की टीम में सीनियर प्रोफेसर एवं यूनिट हैड डॉ. रमाकांत दीक्षित एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पीयूष अरोड़ा के साथ असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप चौधरी एवं डॉ. रणजीत मेघवंशी, रेजिडेंट डॉ. गीता, डॉ. हनुमान शर्मा, डॉ. हसीफ, डॉ. हिमांशु तथा नर्सिंग स्टाफ मानवेंद्र सिंह, गजराज, निवेदिता, मधु शामिल रहे। डॉ. पीयूष अरोड़ा ने बताया कि मरीज अब स्वस्थ है तथा कुछ दिन चिकित्सकों की निगरानी में रहेगा।

धमकी देने का मामला दर्ज

मकराना, (निस)अनाधिकृत रूप से जमीन में खनन कार्य शुरू करने एवं मना करने पर मरने मारने पर उतारू होकर धमकी देने को लेकर एक मामला पुलिस थाना मकराना में दर्ज हुआ है। बोरावड के पादड़ों की ढाणी निवासी देवाराम जाट पुत्र हीराराम ने अपनी दर्ज रिपोर्ट में पुलिस को बताया कि आरोपी नवाब एवं मुख्तयार की मार्बल खदान पूर्ण रूप से खत्म हो गई है तथा खदान के आगे एवं पीछे खनन कार्य करने योग्य कोई भी भूमि शेष नहीं बची है एवं गत 12 वर्षों से कोई भी यहां खनन कार्य नहीं चल रहा है। हाल ही में नवाब एवं मुख्तयार खदान को गत दो महीने से उनकी जमीन हड़पने के इरादे से प्रार्थी को तंग व परेशान करते हुए कह रहे हैं। कि उनकी खदान बंद है तो तुम्हारी भी बंद ही रहेगी।

आम सूचना

मेरी दादी ग्यारसी पत्नि भेरू जाति भील निवासी अलमास की मृत्यु दिनांक 23.03.2014 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम अलमास में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत देवपुरी में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी दादी ग्यारसी भील का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। -प्रार्थी- कानाराम पुत्र तेजा भील,निवासी ग्राम अलमास तहसील अरांई(अजमेर)

आम सूचना

मेरी पुत्री श्यान्ता पुत्री रामचन्द्र जाति भील निवासी ग्राम दादिया की मृत्यु दिनांक 05.07.1999 को मेरे निवास स्थान पर ग्राम दादिया में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत दादिया में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी पुत्री श्यान्ता भील का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। -प्रार्थी- भूरी पत्नि रामचन्द्र जाति भील, निवासी ग्राम दादिया, तहसील अरांई(अजमेर)

भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल प्रदर्शन

■ कांग्रेस जन मुखर्जी उद्यान में एकत्रित हुऐ और रैली के रूप में भाजपा सरकार हाय - हाय ,एवं सरकार विरोधी नारे लगाते हुऐ कलेक्ट्रेट पहुँचे

भीलवाड़ा। जिला कांग्रेस कमेटी भीलवाड़ा के तत्वावधान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और दमनकारी कार्यशैली के विरुद्ध ज़ोरदार विरोध प्रदर्शन कर जिला कलक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस जन मुखर्जी उद्यान में एकत्रित हुऐ और रेली के रूप में भाजपा सरकार हाय - हाय ,एवं सरकार विरोधी नारे लगाते हुऐ कलेक्ट्रेट पहुँचे।

ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसजनों ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार पूरी तरह जनविरोधी मानसिकता से ग्रस्त है। भाजपा का शासन जमीनी स्तर पर असफल हो चुका है, हर मोर्चे पर विफलता और प्रशासनिक अराजकता का माहौल बन गया है। सरकार सत्ता के मद में चूर होकर आमजन के साथ दोगला व्यवहार कर रही है, राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से काम कर रही है और जनता की आवाज़ को दबाने में जुटी हुई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन वाली यह "अकर्मण्य सरकार" है, जो विकास और जनसेवा के कार्यों को छोड़कर केवल झूठे वादों, दिखावटी इवेंट्स और प्रचार प्रसार में व्यस्त है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार,किसान और मजदूरों की समस्याएं चरम पर हैं लेकिन भाजपा सरकार के मंत्री और नेता जनता के दुःख-दर्द से पूरी तरह बेपरवाह होकर "जनता त्रस्त - सरकार मस्त" की नीति पर चल रही हैं। भाजपा शासन में आम आदमी की आवाज़ दबाने का सुनियोजित षड्यंत्र चल रहा है। सत्ता के संरक्षण में अराजक तत्व खुलेआम गुंडागर्दी कर रहे हैं। महंगाई और बेरोजगारी पर सवाल उठाने वालों पर झूठे मुकदमे लादे जा रहे हैं। आज प्रदेश की जनता सरकार से जवाब मांग रही है और आने वाले समय में इस जनविरोधी सरकार को जनता माफ नहीं करेगी। समय रहते सरकार ने अपनी नीतियों में बदलाव नहीं किया तो जनता के समर्थन के लिये कांग्रेस सड़क पर उतरकर सरकार से जवाब मांगेगी। कांग्रेस प्रवक्ता चन्द्र प्रकाश अमरवाल ने बताया कि ज्ञापन देने वालों में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष धर्मेन्द्र पारीक , किसान कांग्रेस के राजेश चौधरी , पूर्व यूथ अध्यक्ष किशन जाट , पीसीसी सदस्य शंकर लाल गाडरी ,मनोज पालीवाल , सेवादल जिलाध्यक्ष योगेश सोनी , पूर्व सभापति मधु जाजू ,मंजू पोखरना सहित कई कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि भारी संख्या में उपस्थित रहे।

लीज पर दिए जाने हेतु ई.ओ.आई. आमंत्रित

भीलवाड़ा। नगर विकास न्यास (यू.आई.टी.), भीलवाड़ा द्वारा आर.के. कॉलोनी स्थित सत्यम कॉम्पलेक्स का रिनोवेशन कराकर इसे आगामी 10 वर्षों के लिए लीज (किराये) पर दिए जाने हेतु इच्छुक संस्थाओं से ई.ओ.आई.आमंत्रित किए गए हैं।

सत्यम कॉम्पलेक्स, गायत्री आश्रम, अजमेर रोड के निकट मुख्य सड़क पर स्थित है, जो व्यवसायिक दृष्टि से अत्यंत उपयुक्त स्थान माना जाता है। कॉम्पलेक्स के प्रथम एवं द्वितीय तल को पार्किंग सुविधा सहित किसी भी सरकारी, अर्द्ध-सरकारी, बैंक, ऑफिस अथवा निजी संस्थान हेतु व्यवसायिक उपयोग में लाने के लिए लीज पर दिया जाएगा। यू.आई.टी. द्वारा इस संबंध में ई.ओ.आई. जारी की जा चुकी है तथा इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्थाएं 12 अगस्त 2025 सायं 6.00 बजे तक ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकती हैं।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से संवाद

ब्यावर (निसं)भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, जयपुर के निर्देशानुसार "विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025-2026" के अंतर्गत मतदाता सूची की गुणवत्ता सुधारने और शत-प्रतिशत पात्र मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 5 अगस्त को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सर्वदलीय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने की, जबकि उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया उपाध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे।बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) सहित अन्य मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और मतदाता सूची पुनरीक्षण संबंधी प्रक्रियाओं पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए।इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर नेमीचंद यादव ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बीएलए-द्वितीय (बूथ लेवल एजेंट-2) की भूमिका, घर-घर सर्वेक्षण प्रक्रिया, गणना प्रपत्र भरने की विधि, ऑनलाइन प्रविष्टियों की जिम्मेदारी तथा 1200 से अधिक मतदाताओं वाले बूथों के पुनर्गठन, विभाजन या नवसृजन की प्रक्रिया पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया।जिला निर्वाचन अधिकारी मीना ने बताया कि यह पुनरीक्षण अभियान पारदर्शिता और सहभागिता को सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने सभी दलों से आग्रह किया कि वे समय पर बीएलए-द्वितीय की नियुक्ति करें और प्रत्येक बूथ स्तर पर मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करें। बैठक में एसीईओ गोपाललाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में विशेष रूप से यह ध्यान रखा गया कि सभी राजनीतिक दलों को निर्वाचन कार्यप्रणाली में समान भागीदारी मिले, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वास कायम हो।

गौसेवा कर बालाजी महाराज का आशिर्वाद लिया

ब्यावर (निसं) शाहपुरा मोहल्ला मालियान पंचायत के नवनियुक्त अध्यक्ष हनुमान प्रसाद चौहान "बालाजी" का वंदे गौ मातरम् चैरिटेबल ट्रस्ट के सर्वजीव सेवा केंद्र में हर्षोल्लास के साथ स्वागत-सत्कार किया गया। इस शुभ अवसर पर चौहान को माला, साफा, उपरणा एवं स्मृति-चिह्न स्वरूप तस्वीर भेंट की गई। उनके साथ पधारे पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक पुखराज सांखला,पूरण गहलोत का भी आत्मीय अभिनंदन किया गया।समारोह में समाज के वरिष्ठजन जंवरीलाल गहलोत, नेमीचंद चौहान, मुकेश सोलंकी, एवं लालचंद दगदी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।कार्यक्रम के दौरान संस्था के महासचिव प्रशांत भराड़िया एवं सचिव जयंत सोलंकी ने आगंतुक अतिथियों को सर्वजीव चिकित्सा केंद्र की गतिविधियों की जानकारी दी एवं परिसर स्थित पावन बालाजी मंदिर में सभी ने मिलकर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर संस्था के नगर अध्यक्ष हंसराज सांखला, कार्यकारिणी सदस्य ऋषभ पीपाड़ा,अक्षत कूकड़ा सहित अनेक गौभक्तों की उपस्थिति रही।

1100 पौधे लगाने का लिया निर्णय

■ इस मौके पर सतगुरु संतोष बाईसा ने 1100 वृक्ष लगाने का निर्णय लिया

मेड़ता सिटी : पशु मेला मैदान में बुधवार को पशुपालन विभाग एवं वन विभाग की ओर से वन महोत्सव के तहत विशाल वृक्षारोपण किया गया है। इस मौके पर सतगुरु संतोष बाईसा ने 1100 वृक्ष लगाने का निर्णय लिया। जिसमें सेवा समिति ने प्रत्येक व्यक्ति ने अपनी ओर से एक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कल ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें अधिक से अधिक पेड लगाने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में पौधारोपण को लेकर एक अभियान शुरू किया है।

जिसमें एक पौधा अपनी मां के नाम आवश्यक रूप से लगाए। पदमश्री हिमताराम भांभू पर्यावरण प्रेमी ने कहा कि एक वृक्ष की आयु हजार वर्ष तक होती है। इसे अनेक पशु पक्षियों को आश्रय मिलता है और मानव को सबसे महत्वपूर्ण ऑक्सीजन होती है ऐसे यहां ऐसे में हमें अधिक से अधिक पेड लगाने चाहिए और उनका संरक्षण करना चाहिए। मेड़ता पंचायत समिति प्रधान संदीप चौधरी ने कहा कि वर्तमान में पेड पौधे ही हमारे जीवन के लिए आवश्यक है हमें पेड पौधों को लगाने के लिए आगे आना चाहिए।

इस मौके पर क्षित्रय वन अधिकारी ममता जांगिड़ ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस अभियान में विभाग सदैव तत्पर है। इस मौके पर सदगुरु विनोद बाईसा महाराज ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पशुपालन विभाग डॉक्टर तुलसीराम चौधरी, पर्यावरण प्रेमी ताराचंद मारोठिया, हरीश प्रजापति, रामकिशोर, सुखराम चौधरी, रामलाल सहित मेड़ता शहर, गोटन, मेड़ता रोड, रोल, डेगाना, लाम्पोलाई क्षेत्र के अनेक लोग मौजूद रहे।

पूर्व छात्रों का स्नेह मिलन समारोह, देश-विदेश से पहुंचे मित्र

परबतसर, (निस)निकटवर्ती ग्राम किनसरिया स्थित प्रसिद्ध कैलपूज्य माता मंदिर प्रांगण में मित्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक अनूठे स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मकराना में सन् 1980 से 1985 तक अध्ययनरत रहे छात्रों द्वारा किया गया, जिसमें देश-विदेश से आए पूर्व छात्रगण भावुक एवं हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में एकत्र हुए।

समारोह के मुख्य संयोजक एवं मार्बल व्यवसायी अशोक रान्दड़ ने बताया कि इस स्नेह मिलन की रूपरेखा बीते काफी समय से सोशल मीडिया के माध्यम से बन रही थी, जिसे मित्रता दिवस के अवसर पर मूर्त रूप प्रदान किया गया। आयोजन स्थल के रूप में क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थल कैलपूज्य माता मंदिर को चुना गया, जहां सभी ने माता के दर्शन कर आयोजन की शुभ शुरुआत की।

इस स्नेह मिलन में दुबई, दिल्ली, सूरत, नागपुर, कोलकाता, रायपुर, करीमनगर, हैदराबाद, सिलवासा, उदयपुर, जयपुर, बैंगलुरू सहित देश-विदेश से आए पूर्व छात्रों ने भाग लिया। आगंतुक मित्रों और उनके परिजनों का पारंपरिक स्वागत कर आपसी परिचय, संवाद व आत्मीय क्षणों का आदान-प्रदान किया गया। समारोह में पूर्व छात्रों व कपल्स के बीच गीत-संगीत, नृत्य व विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिससे वातावरण संगीतमय और उल्लासपूर्ण हो गया। आयोजन के दौरान विद्यालय के वयोवृद्ध शिक्षक भंवरलाल चौधरी (गुढा) का विशेष सम्मान कर सभी ने अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

इस अवसर पर राधेश्याम शर्मा (दुबई), सुनील बिदादा (दिल्ली), केवल छाजेड़ (बेंगलुरू), विनोद काबरा (कोलकाता), शिवकरण बुरडक (जयपुर), पवन चौपड़ा (करीमनगर), रमेश अठावाल (दिल्ली), डॉ. अरुण लढा (जयपुर), कमल अठावाल (दिल्ली), विनोद रान्दड़ (उदयपुर), राजेन्द्र मांधनिया (रायपुर), सुभाष सारड़ा (सूरत), सत्यनारायण चाण्डक (नागपुर), महेश रान्दड़ (दिल्ली), नरेश शर्मा (सिलवासा), राजू चाण्डक (हैदराबाद), सुशील खण्डेलवाल (सूरत), चैलाराम मुरावतिया, महिपाल सिंह राजपुरोहित, बंशीलाल भाटी, पुरुषोत्तम लाहोटी, सर्वेश्वर मांधनिया, हेमराज जोशी, किशोर सिंह, मुन्ना दाधीच, मदन इन्दौरा, विजय लढा सहित बड़ी संख्या में मित्रगण उपस्थित रहे।

मुकदमा दर्ज करने के आदेश जारी

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पिस्टल दिखाकर ब्याज वसूली करने वाले ब्याजखोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। पीड़िता मंजू देवी ने एडवोकेट नवीन बैरवा व आस्था बैरवा के जरिये अदालत में परिवाद प्रस्तुत कर आक्षेप लगाया की आरोपी देवा नायक व निकिता नामक महिला ने मेरे पुत्र को 50 हजार रूपये उधार देकर स्टाम्प, चैक निष्पादित करवा लिये। साथ ही प्रत्येक माह 25 हजार रूपये बतौर ब्याज वसूलने के बावजूद सम्पत्ति हड़पने के लिये योजना बनाने लगे। बेटा इनके चंगुल में ऐसा फंसा की किशनगढ़ में रहना दुभर हो गया। इनसे परेशान होकर वह जयपुर चला गया। कुछ दिन पहले आरोपी पीड़िता के घर में घुस गये और पिस्टल की नौक पर जबरन बेटे का पता पूंछने के बहाने धमकाकर लज्जा भंग की। निरोज की कलह से आहट होकर पीड़िता ने अदालत की शरण में जाकर न्याय की गुहार लगाई।

दुग्ध उत्पादकों का सहकार महाकुंभ 24 को अजमेर में

■ गहलोत, रंधावा, डोटासरा, जूली व पायलट भी करेंगे शिरकत

■ सरकार की उपेक्षा से किसानों पर पड़ रही है, दोहरी मार

अजमेर, 06 अगस्त (कासं)। राज्य सरकार द्वारा विगत लंबे समय से मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादन संबल योजना व मिड डे मील की राशि के सहित सहकारिता क्षेत्र की अनेक मांगों पर आंख मूंद लेने से किसानों एवं दुग्ध उत्पादकों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। राज्य सरकार की हठधर्मिता व सहकार क्षेत्र में अपनाएं जा रहे उदासीन रवैए से आहत किसानों, पशुपालकों एवं प्रदेश के विभिन्न दूध संघों द्वारा आगामी 24 अगस्त को राज्य सरकार को कुंभकर्णी नींद से जगाने के लिए श्वेत क्रांति सहकार महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा।

श्वेत क्रांति महाकुंभ का यह आयोजन कच्छावा गार्डन, पशु आहार केंद्र तबीजी अजमेर में दोपहर 12:15 बजे से आयोजित किया जाएगा। अजमेर सरस् डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी के नेतृत्व में आयोजित इस महाकुंभ में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, प्रदेश कांग्रेसकमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी शिरकत करेंगे। महाकुंभ में राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लाम्बा, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सारिका सिंह के साथ ही समस्त प्रदेश से जिला दूध संघों के अध्यक्ष, सचिव एवं कर्मचारी, किसान, पशुपालक एवं दुग्ध उत्पादक भी शामिल होंगे। महाकुंभ में पूरे प्रदेश से लगभग पच्चीस हजार किसान, पशुपालक उपस्थित होकर सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेगें।

महाकुंभ में दुग्ध उत्पादकों की सात माह से बकाया मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादन संबल योजना की राशि 320 करोड रुपए एवं मिड डे मील योजना के अंतर्गत इतनी ही राशि बकाया होने पर इसको एक मुश्त जारी करने की मांग पुरजोर उठाई जाएंगी। इस बार प्रदेश में वर्षा की अधिकता होने के कारण अतिवृष्टि से किसानों एवं पशुपालकों के सामने विपरीत परिस्थितियों उत्पन्न हो गई हैं, जिससे उन्हें पशु आहार व पशुओं के लिए चारा खरीदने में भी आर्थिक रूप से संकट का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे संकट के समय राज्य सरकार द्वारा बकाया भुगतान नहीं करने से किसानों व दूध उत्पादकों के सामने कोढ़ में खाज वाली कहावत चरितार्थ हो रहीं हैं। जबकि संकट के इस समय में होना यह चाहिए कि भारत सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग से पशुपालकों को फसल बीमा की राशि एवं पूर्ववर्ती काँठोस सरकारों की तर्ज पर चारा अनुदान तत्काल जारी करवाना चाहिए अन्यथा प्रदेश के दूध सकलन में निरन्तर गिरावट आयेगी

सम्मानित संगम विश्वविद्यालय शैक्षिणक गतिविधियों में राजस्थान में अग्रणी

■ शिक्षाविदों को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करना अत्यन्त आवश्यक - प्रो.करुणेश सक्सेना, कुलपति

भीलवाड़ा। संगम विश्वविद्यालय भीलवाड़ा के द्वारा सत्र 2024-25 में विभिन्न क्षेत्रों में बहुत बड़ी उपलब्धियां हासिल की गई है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर करुणेश सक्सेना ने प्रेस वार्ता में संबोधित करते हुए बताया की भारत के आई.आई.आर.एँफ़ रैंकिंग में सेतिसवां और राजस्थान में तीसरा स्थान(2024) के गौरव से गौरवान्वित संगम विश्वविद्यालय अब सभी क्षेत्रों में राजस्थान का सिरमौर बन गया है।

इसी क्रम में आईआईटी बॉम्बे द्वारा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के राष्ट्रीय भू-स्थानिक पुरस्कार 2025 में संगम विश्वविद्यालय को "उभरते विश्वविद्यालय पुरस्कार" से सम्मानित किया गया ,जिसमें देश के विभिन्न प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ने इस खिताब की दौड़ में भाग लिया जो राजस्थान से पुरस्कृत एकमात्र यूनिवर्सिटी बनी।संगम विश्वविद्यालय की ओर से यह सम्मान कुलपति प्रो. (डॉ.) करुणेश सक्सेना और भू-सूचना विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. लोकेश कुमार त्रिपाठी ने मुंबई ठाहण किया। गत वर्ष विश्वविद्यालय के द्वारा कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय एमओयू (समझौता) हुए हे जिनमें प्रमुख ब्रिटिश यूनिवर्सिटी वियतनाम,मलेशिया की दो प्रमुख यूनिवर्सिटी, दुबई,बांग्लादेश यूनिवर्सिटी, इसरो स्टार्ट 2025, गिरनार सॉफ्ट, एनआईएसएम,ग्लोबल आइटी प्रोवाइडर है। संगम यूनिवर्सिटी के छात्रों ने ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन () द्वारा कोयंबटूर, तमिलनाडु में आयोजित राष्ट्रीय बिजनेस सिमुलेशन गेम्स प्रतियोगिता में चैंपियन और रनर-अप का खिताब जीतकर विश्वविद्यालय और राजस्थान का नाम रोशन किया।प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे एमआईटी-पुणे, डीबीएस-दिल्ली, आरआईटी-रुड़की, सहित 450 से अधिक महाविद्यालय-विश्वविद्यालयों की टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया।राष्ट्रीय विजेता टीम में नवांश जागेटिया, प्रियांशु राठी, नीति व्यास रहे उपविजेता टीम में नंदिनी टिबरेवाल, कुमकुम शर्मा, आर्यन साहनी और दीपक यादव रहे संगम विश्वविद्यालय भीलवाड़ा की संगम इंक्लूसिव टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर(आई टी बी आई) शाखा का दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. जितेंद्र सिंह, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने विज्ञान दिवस पर उद्घाटन किया गया।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार से संगम विश्वविद्यालय, भीलवाड़ा के समावेशी तकनीकी इन्क्यूबेशन सेंटर (संगम आई-टीबीआई) को चार करोड़ तेंतीस लाख रुपये के प्रोजेक्ट की अनुशंसा की गयी है। जिसके तहत विभिन्न विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियां प्राप्त की हे जिनमें यूजीसी नेट(विधि),ऑल इंडिया गेट रैंक,फील्ड बेस वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन में चयन(अदिति पत्रिया),टेक्नोवेशन मूट कोर्ट प्रतियोगिता विजेता प्रमुख है। खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस:2024-25 में खेल कूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन रहा। विश्विद्यालय ने अखिल भारतीय अंतर विश्विद्यालय , दक्षिण- पश्चिम अंतर विश्विद्यालय एवम पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्विद्यालय की विभिन्न खेलो में भाग है। खेलकूद में संगम विश्वविद्यालय के छात्रों ने देश भर में परचम लहराया है जिनमें छात्रा हेतल गोयल ने कराटे (साउथ वेस्ट जोन),जवाहर सिंह गहलोत ने क्रिकेट(विज्जी ट्रॉफी)ड्रॉप बाल में विजेता सहित में नाम रोशन किया है। एनसीसी में कैडेट राष्ट्रीय शिविर जैसे केशव सिंह(आईएमए देहरादून), यज्ञपाल,मनीष मेहता(थल सेना कैंप, दिल्ली), ट्रैकिंग कैंप,राष्ट्रीय शूटिंग, आर्मी अटैचमेंट कैंप आदि में भाग लिया है।भारतीय समाज विज्ञान अनुसंधान परिषद () ने "राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भू-स्थानिक दृष्टिकोण: एक सामाजिक दृष्टिकोण" विषयक सेमिनार के आयोजन हेतु आंशिक वित्तीय सहायता स्वीकृत की है। इस आयोजन के लिए परिषद द्वारा 1,50,000/- (एक लाख पचास हजार रुपये मात्र) की आंशिक सहायता स्वीकृत की गई है, सरकार की तरफ से विश्वविद्यालय को यह 25वा प्रोजेक्ट मिला है।।भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस), मानव मूल्यों और नैतिकता, प्राचीन भारतीय खगोल विज्ञान के तत्वों को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है ।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

किराये पर वाहन के लिये ई-निविदा सूचना

बोर्ड कार्यालय से परीक्षा सामग्री परिवहन एवं कार्यालय उपयोगार्थ अन्य कार्य हेतु एक वर्ष के लिये किराये पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु ई-निविदा दिनांक 27.08.2025 अपरान्ह 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। अनुमानित व्यय ट्रक आदि के लिये रू. 115 लाख, बस आदि के लिये रू. 20 लाख एवं कार आदि के लिये रू. 94 लाख है। निविदा प्रपत्र, विस्तृत विवरण बोर्ड वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in एवं राज्य सरकार के उपापन पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in से भी डाउनलोड कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस सम्बन्ध में सहायक निदेशक (सम्पदा) के मो.नं. 98280-52652 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

Truckete-UBN No. SEB2526WSOB00014 Busetc-UBN No. SEB2526WSOB00013
Smallvahan etc-UBN No. SEB2526WSOB00012

सचिव

कार्यालय नगर निगम,अजमेर

झलकारी बाई स्मारक के पास, पंचशील नगर,अजमेर

दूरभाष-0145-249953, फैक्स- 0145-2433813, E-mail-ajmermc@gmail.com Website-www.ajmermc.org

क्रमांक: योजना/2025-26/ **सार्वजनिक सूचना** दिनांक:

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नलिनी लड्ढा पत्नी श्री सत्यनारायण लड्ढा, निवासी 126-ए पार्श्वनाथ कॉलोनी, अजमेर के द्वारा नगर निगम की छतरी योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या बी-8 क्षेत्रफल 213.33 वर्गगज का नामान्तरण करवाये जाने बाबत दस्तावेज संलग्न कर आवेदन संख्या LSG/AJMER/MUT/2025-26/137934 दिनांक 31.07.2025 को नामान्तरण हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार उक्त भूखण्ड मूल आवंटी श्री सत्यनारायण लड्ढा पुत्र श्री कन्हैयालाल के नाम से दर्ज है जिसकी लीज डीड 24.01.1998 संलग्न किया गया है। श्री सत्यनारावाण लड्ढा का स्वर्गवास दिनांक 03.02.2025 को हो चुका है। सजरा प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती शालिनी(पुत्री) विधिक वारिस है। उक्त प्रकरण का निष्पादन राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 116 के तहत आवेदित है जिसका निष्पादन धारा 118 के तहत प्रक्रियाधीन किया गया है। इस संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आपत्ति प्रकाशन से 07 कार्य दिवस के लिए आवेदन के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों को अजमेर नगर निगम कार्यालय की योजना शाखा में देखने/पढ़ने के लिए खुला रखा गया है, इस अवधि में किसी भी हितबद्ध व्यक्ति/आम खास को कोई आपत्ति उज्र हो तो सूचना के प्रकाशन के 07 कार्य दिवस में मय पुख्ता दस्तावेजों के साथ अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद मियाद नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा।

-(कीर्ति कुमावत)उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रजनीश त्यागी पुत्र श्री रामप्रकाश त्यागी निवासी मकान नम्बर-342, सुभाष नगर, ब्यावर रोड, अजमेर की एक निजी जायदाद जो कि सेन्टोरियम के पास, ग्राम हल्का किरानीपुरा तहसील व जिला अजमेर में स्थित दो रिहायशी प्लाट संख्या-4 व 5 है जिनका कुल क्षेत्रफल 540 वर्गगज है जिसकी पूर्व की भुजा 103 फुट व पश्चिम भुजा का नाप 58 फुट, उत्तर की भुजा 73 फुट 6 इंच और दक्षिण की भुजा 60 फुट है जिसके पूर्व में 30 फुट चौड़ा आम रास्ता है, पश्चिम में डाक्टर साहब, उत्तर में भार्गव साहब, दक्षिण में जैन साहब की सम्पति है। जिसको उसके द्वारा इकरारनामा बेचान दिनांक 08/09/1992 को श्री जॉनी राठौड़ पुत्र पादरी एच. आर. एल्फांसो निवासी नदार तहसील व जिला अजमेर से क्रय किया था। उसके बाद से उक्त प्लाट पर मेरे पक्षकार का मालिकाना हक अधिकार व कब्जा है जो लगातार एवं निर्बाध रूप से बतौर मालिक चला आ रहा है उक्त सम्पति पर उसके द्वारा किसी बैंक वितीय संस्था/ऋण पर गिरवी नहीं है उक्त सम्पति पाक साफ है। उक्त भूमि का बेचान मेरे पक्षकार द्वारा किया जा रहा है। यदि उक्त सम्पति बावत किसी भी पक्ष संत्वा या व्यक्ति को किसी तरह का कोई एतराज आपत्ति है तो वह सात दिवस के भीतर मेरे पक्षकार से मय दस्तावेज व आपत्ति सम्पर्क करें। सात दिवस पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी। -परिवादी श्री रजनीश त्यागी, मोबाईल- 9001242719

-भवदीय- सुनिल यादव,एडवोकेट, मो.- 9057373013

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ग्राम माकड़वाली योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 36 क्षेत्रफल 236.61 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्रीमती मीना गुप्ता पत्नि श्री रामनारायण गुप्ता निवासी अजमेर एवं श्रीमान अंकित गुप्ता पुत्र श्री रामनारायण गुप्ता निवासी अजमेर में से श्रीमती मीना गुप्ता की मृत्यु दिनांक 15/05/2024 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों में क्रमश: श्रीमती कोमल गर्ग पुत्री श्री रामनारायण गुप्ता एवं पत्नि अनुज गर्ग निवासी अजमेर, श्री अभिषेक गुप्ता पुत्र श्री रामनारायण गुप्ता निवासी अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्री रामनारायण गुप्ता पुत्र स्व. राधेश्याम गुप्ता निवासी अजमेर एवं श्री अंकित गुप्ता पुत्र श्री रामनारायण गुप्ता निवासी अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 12/06/2024 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

-योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पृथ्वीराज नगर योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या बी-41 क्षेत्रफल 138.88 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री रहमान पुत्र श्री बादर निवासी चौरसियावास, अजमेर की मृत्यु दिनांक 19.09.2023 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमश: 1.सुभान 2. रफीक 3. अजमल 4. नैनू 5.रसीद खान पुत्र रहमान निवासी चौरसियावास द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती भंवरी पत्नि स्व. श्री रहमान निवासी चौरसियावास अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 7.7.25 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। -योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक- न.पा.बि./निर्माण स्वी./2025/2429 **आम सूचना** दिनांक:05.08.2025

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माझा पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाईल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
74	असलम खान पुत्र हाजी अहमद खान	बद्री विशाल कॉलोनी बरल द्वितीय बिजयनगर ख.सं. 2158/1136 प्लॉट नं. 08	79.64 SQ.MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.

क्रमांक- न.पा.कि./कृषि भूमि नियमन/2025/1096 **आम सूचना** दिनांक:23.07.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज लक्ष्मीनारायण विहार में स्वीकृत योजना में निम्न भूखण्डधारियों द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन वास्ते आवेदन पेश किया है, इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपत्तियां/कारण/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें, अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं आवेदक के पक्ष में भूमि का भू-उपयोग परिवर्तन कर दिया जावेगा।

क्र. सं.	प्रार्थी का नाम	खसरा सं. राजस्व ग्राम भूखण्ड सं.	वर्तमान उपयोग	वांछित उपयोग	क्षेत्रफल
1.	श्री रामनिवास यादव पुत्र श्री लादुराम यादव निवासी ब्लॉक-बी लक्ष्मीनारायण विहार अजमेर रोड मदनगंज किशनगढ़	मदनगंज बी-3	आवासीय	वाणिज्यिक	111.11 वर्गगज

आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़

2 राज नेवल यूनिट एन.सी.सी.

दूरभाष- 0145-2427145 दिनांक-05.08.2025
क्रमांक- लेखा/02/एनसीसी

कार्यालय की निविदा सूचना

कार्यालय द्वारा एआईएनएससी कैम्प हेतु एनसीसी कैडेट्स के लिये किटिंग आइटम्स क्रय किये जाने हेतु निविदायें आमंत्रित की गयी है। इसकी विस्तृत सूचना www.sppp.rajasthan.gov.in portal पर एवं कार्यालय समय में कार्यालय में आकर देखी जा सकती है। इसके यूबीएन नम्बर NCC2526RFP0001 है। निविदा की अंतिम दिनांक 11 अगस्त 2025 मध्यान्ह 04 बजे रखी गयी है।

-जीओ मैथ्यूस, कमान्डर
कमान अधिकारी